कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।
*Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397*

पत्रांक – 1297 / 12–1 अल्मोड़ा, दिनांक, 25/10/ .2016.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर।

विषय :– पाली जमन सिंह मकान से पाली होते हुए लीमा तक मोटर मार्ग (प्रस्ताव सं0 20732/2016)

संदर्भ :– आपका ऑन लाइन प्रस्ताव दिनांक 17.10.2016।

महोदय,

दिनांक 17.10.2016 को ऑन लाइन के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव को निम्न आपत्तियों के साथ प्रत्यावर्तित किया जा रहा है। कृपया प्रस्तावक विभाग से आपत्तियों का निराकरण करवाना सुनिश्चित करें।

1– प्रस्ताव के हॉर्ड कापी में डिजिटल मानचित्र की फोटो प्रति संलग्न की गयी है। जो पठनीय नही है। कृपया हॉर्ड कापी में मूल रंगीन मानचित्र जो प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रमाणित किया हो संलग्न कर प्रस्तुत करें।

2– हॉर्ड कापी में जियों रेफरेंस मैप संलग्न नही है। कृपया हॉर्ड कापी में मूल रंगीन जियों रेफरेंस मैप जो प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रमाणित किया हो संलग्न कर प्रस्तुत करें।

3– प्रपत्र 2.4 संरेक्षण विकल्पों में प्रभावित होने वाले वृक्षों के सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नही है। प्रपत्र 2.4 प्रभागीय वनाधिकारी से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करें। उपरोक्त के अतिरिक्त हॉर्ड कापी में लगे कई अन्य प्रपत्र भी अपठनीय है। कृपया प्रस्तावक विभाग को अपने स्तर से ऑन लाइन के माध्यम से सूचित करें कि वे इस कार्यालय से हार्ड कापी प्राप्त कर उक्त आपत्तियों का निराकरण करना सुनिश्चित करें, तभी अग्रिम कार्यवाही किया जाना सम्भव होगा।

भवदीय

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।